# जिला स्वास्थ्य समिति, गया

जय प्रकाश नारायण अस्पताल परिसर, गया- 823001।
Ph. No. 0631-2224309 E-mail ID : dhsgaya@yahoo.co.in


391

**दिनांक 24/06/2024 को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षतामें जिला गुणवत्ता यकिन समिति (DQAC) एवं जिला इनडेमिनिटी सब कमिटी (DISC) की बैठक आयोजित की जिसकी कार्यवाही प्रतिवेदनः**

**उपस्थिति : पंजी के अनुसारः**

बैठक की कार्यवाही में प्रथमतः सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए एजेंडा के अनुसार PPT प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बैठक की कारवाई आरम्भ की गई।

1. जिला गुणवता यकिन समिति के सदस्यों में डा० भोला भाई, सर्जन का स्थानांरण किसी अन्य जिला में होने के कारण उनके स्थान पर नये सदस्य के मनोनयन का प्रस्ताव।

**निर्णयः**– सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डा0 संजय कुमार, सर्जनजय प्रकाश नरायणअस्पताल, को उनके स्थान पर सदस्य रूप में नामित किया गया।

**(अनुपालन–DCQA)**

2. डा0 पुष्कर, मूर्च्छक जय प्रकाश नरायण अस्पताल गया के त्यागपत्र देने के कारण उनके स्थान पर नये सदस्य का मनोनयन का प्रस्ताव

**निर्णयः**– सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डा0 दिपक कुमार मौर्या मूर्च्छक जय प्रकाश नरायणअस्पताल, को उनके स्थान पर सदस्य रूप में नामित किया गया।

**(अनुपालन–DCQA)**

3.जिला गुणवता यकिन समिति के सदस्य के रूप में स्वास्थ्य से संबंधित गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व से जिले में कार्यरत केयर इंडिया एवं जपाइगो के प्रतिनिधि को रखा गया था, उनके स्थान पर सदस्य के मनोनयन का प्रस्ताव।

**निर्णयः**–सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य सेवा से संबंधित जिले में कार्यरत गैर सरकारी संस्था के रूप में पीएसआई इंडिया, UNICEF एव PIRAMAL FOUNDATION के जिला प्रतिनिधि को सदस्य रूप नामिल किया गया।

694
04/07/24

**(अनुपालन–DCQA)**

4.सभी आकांक्षी प्रखंडो का NQAS कराया जाना है, जिसके अनुश्रवण के सबंध में कहना है कि अकांक्षी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर का अंतिम स्कोर 64.6% सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इमामगंज अंतिम स्कोर 66.5%, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वजिरगंज का अंतिम स्कोर 67.95% और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंच का अंतिम स्कोर 45.91% है।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त चारो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दो माह के अन्दर राज्य स्तरीय NQAS आकलन हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालन–सबंधितMOIC,BHM एवं DCQA)**

5. राज्यस्तर से निर्देशित है कि जिले में कार्यरत कुल स्वास्थ्य संस्थानों के 50 प्रतिशत स्वास्थ्य संस्थानों का वर्ष 2025 तक NQASप्रमाणीकरण किया जाना है, सभी प्रखंडो के प्रखंड स्तरीय सभी अस्पताल

# जिला स्वास्थ्य समिति, गया

जय प्रकाश नारायण अस्पताल परिसर, गया–823001।
Ph. No. 0631-2224309 E-mail ID : dhsgaya@yahoo.co.in


393

,अनुमंडलीय अस्पताल, 50 प्रतिशत HSC-HWC, APHC-HWC के 50 प्रतिशत संस्थानो का NQASप्रमाणीकरण वर्ष 2025 तक किया जाना है।

**निर्णयः**— सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि अपने अपने प्रखंड, अनुमंडलीय अस्पतालों का NQASप्रमाणीकरण हेतु तीन माह के अन्दर सक्षम पोर्टल के माध्यम से राज्य स्तरीय आकलन के लिए आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ HSC एवं APHC स्तर के 50 प्रतिशत संस्थान का NQASप्रमाणीकरण हेतु अपना मासिक लक्ष्य निर्धारित कर उसके उपलब्धि निर्धारित अवधि के अंदर करना सुनिश्चित करे।

**(अनुपालन—सभी MOIC,BHM,DCQA एवं DPC)**

6. परिवार नियोजन के कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला बंधियाकरण एवं पुरुष नसबंदी हेतु सरकारी अस्पतालो में कार्यरत दक्ष चिकित्सक के प्रत्यायन करने का प्रस्ताव दिया गया जो निम्नवत है।

| क्रम सं | चिकित्सा पदाधिकारी का नाम | पदस्थापितस्वास्थ्यसंस्थान का नाम | योग्यता | सेवा महिलो बंध्याकरण / पुरुष नसबंदी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डा नगमी खान | प्रभावती अस्पताल | MS,Obs/Gyn. | महिला बंध्याकरण |
| 2. | डा0 प्रीती कुमारी | प्रभावती अस्पताल | MS,Obs/Gyn. | महिला बंध्याकरण |
| 3. | डा नुपुर प्रकाश | जय प्रकाश नारायण अस्पताल | MS,Obs/Gyn. | महिला बंध्याकरण |
| 4. | डा0 मो.नोमान | जय प्रकाश नारायण अस्पताल | MS(NSV Trained) | पुरुष नसबंदी |

**निर्णयः**— उपरोक्त तालिका के अनुसार चारो चिकित्सको के प्रत्यायन की स्वीकृति दी जाती है,

**(अनुपालन—DPC,अधीक्षक प्रभावति अस्पताल,उपाधीक्षक जय प्रकाश नारायण अस्पताल)**

7. निजी स्वास्थ संस्थाओं के द्वारा भी महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नशबंदी किया जाता है। जिसमें प्रस्ताव रखा गया की शिवनारायण फॉन्डेशन का अवधि जून 2024 में समाप्त हो रहा है, उसके अवधि विस्तार का प्रस्ताव।

**निर्णयः**— शिवनारायण फॉन्डेशन के डा0 महेश चौधरी, डा० किरण कुमारी एवं डा0 यू.के. वर्मा का दक्षता जांच जिला द्वारा गठित समिति द्वारा किया गया जिसमे वे दक्ष पाये गये। उक्त के आलोक में अगले 2 वर्ष हेतु अवधि विस्तारित करने की स्वीकृति दी गई।

694
05/07/24

**(अनुपालन—DPC)**

8. परिवार नियोजन के कार्यक्रम के अन्तर्गत आउटरीच के माध्यम से निजी स्वास्थ्य संथानों द्वारा सरकारी अस्पतालों जाकर परिवार नियोजन सेवा देने हेतु आवेदन किया गया है, जिसमें हॉस्पिटल हेल्थ वर्ल्ड द्वारा डा0 असित रंजन, डा0 सविन कुमार एवं डा0 विकास कुमार, लाइफ जंक्शन फाउंडेशन द्वारा डा0 विकास कुमार वर्मा तथा संपर्क विहार द्वारा डा0 के.के. शर्मा एवं डा0 ऋचा कुमारी को प्रत्यायित करने हेतु प्रस्ताव।

**निर्णयः**—उपरोक्त सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों के सभी चिकित्सकों का दक्षता जांच जिले से गठित समिति द्वारा कराया गया, जिसमें सभी विकित्सक एवं सबंधित टिम दक्ष पाई गयी ,जिसके आलोक में सभी चिकित्सकों को प्रत्यायित करने की स्वीकृति दी गई।

**(अनुपालन—DPC)**

9. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोधगया एवं खिजरसराय के प्रसव कक्ष को 1 वर्ष का सशर्त्त लक्ष्य प्रमाणिकरण हुआ था, जिसमें निदेशित था कि इस अवधि में Maternal OT के साथ आवेदन करेगें तकि उनका प्रसव कक्ष एवं Maternal OT का लक्ष्य प्रमाणिकरण नियमानुकूल किया जा सके.

392

निर्णयः– प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोधगया एवं खिजरसराय को निदेशित है कि अपने संस्थान के प्रसव कक्ष एवं Maternal OT की वांछित व्यवस्था करते हुए लक्ष्य प्रमाणिकरण हेतु जूलाई माह तक आवेदन करना सुनिश्चित करें।

**(अनुपालन–DCQA, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोधगया एवं खिजरसराय)**

10.अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी का प्रसव कक्ष का मार्च 2020 में लक्ष्य के लिए राष्ट्रीय प्रमाणिकरण हुआ था, जिसे Maternal OT के साथ पुनः प्रमाणीकरण के लिए आवेदन करना था जो निश्चित समय पर नही किया जा सका है।

निर्णयः प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटीको निदेशित है कि अपने संस्थान के प्रसव कक्ष एवं Maternal OT की वांछित व्यवस्था करते हुए लक्ष्य प्रमाणिकरण हेतु दो माह के अन्दर करना सुनिश्चित करें।

**(अनुपालन–DCQA, उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी तथा स्वास्थ्य प्रबंधक, अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी)**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक समाप्त घोषित की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| जिला कार्यक्रम प्रबंधक<br>जिला स्वास्थ्य समिति, गया | सिविल सर्जन-सह-सचिव<br>जिला स्वास्थ्य समिति,गया । | जिला पदाधिकारी अध्यक्ष<br>जिला स्वास्थ्य समिति, गया । |

ज्ञापांकः 694 गया, दिनांकः 04/07/2024

प्रतिलिपिः परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्यायित संस्थान क्रमशः शिवा नारायण फॉन्डेशन, हॉस्पीटल हेल्थ वर्ल्ड, लाईफ जक्शन फॉन्डेशन, तथा संपर्क बिहार के जिला प्रतिनिधी को सुचनार्थ एवं कायार्थ प्रेषित

प्रतिलिपिः सभी संबंधित डेवलपमेंट पार्टनर, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गया जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः उपाधीक्षक, जय प्रकाश नारायण अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी एवं टेकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः अधीक्षक, प्रभावती अस्पताल, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, QA कोषांग, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, गया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

| | | |
|---|---|---|
| जिला कार्यक्रम प्रबंधक<br>जिला स्वास्थ्य समिति, गया | सिविल सर्जन सह सचिव<br>जिला स्वास्थ्य समिति,गया । | जिला पदाधिकारी अध्यक्ष<br>जिला स्वास्थ्य समिति, गया । |